

18

# पदबंध

**(Phrase)**

निम्न चित्र में माता-पिता, पुत्र-पुत्री एक सूत्र में बँधे हुए हैं, इसलिए यह परिवार कहलाता है। इसी दृष्टि से निम्नलिखित वाक्यों को देखिए–



- मेरे कानपुर वाले मित्र ने मुझे एक घड़ी दी।
- आपके मित्रों में से कोई नहीं आया।
- अध्यापक ने मुझे एक सजिल्द और मोटी पुस्तक दी।
- मुझसे अब नहीं पढ़ा जाता।
- कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है।

उपर्युक्त उदाहरणों के रंगीन पद कई पदों के योग से बने हैं, किंतु वे परस्पर इस प्रकार एक दूसरे से बँधे हैं कि वे मिलकर एक वही व्याकरणिक प्रकार्य कर रहे हैं, जो किसी एक पद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण द्वारा किया जाता है। पदों के ऐसे बंध (समूह) को पदबंध कहते हैं।



वाक्य में जब अनेक पद मिलकर वही प्रकार्य करते हैं, जो किसी एक 'पद' द्वारा किया जाता है, तो पदों के ऐसे बंध (समूह) को पदबंध कहते हैं।

## पदबंध के भेद

पदबंध

संज्ञा पदबंध | सर्वनाम पदबंध | विशेषण पदबंध | क्रिया पदबंध | क्रियाविशेषण पदबंध

### 1. संज्ञा पदबंध

निम्नलिखित उदाहरणों पर ध्यान दीजिए–

(क) परिश्रम करने वाले छात्र सदा सफल होते हैं।

(ख) पिता जी ने काली–काली जामुनें खरीदीं।

(ग) लोहे की अलमारी में टँगा कोट उतार लाओ।

(घ) मेरा विद्यालय नगर का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय है।

(ङ) महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का उपदेश दिया।

उपर्युक्त सभी वाक्यों में रंगीन पदबंध वही कार्य कर रहे हैं, जो किसी संज्ञा पद द्वारा किया जाता है। हम पूरे पदबंध के स्थान पर एक संज्ञा पद रख सकते हैं; जैसे वाक्य (क) में 'परिश्रम करने वाले छात्र' के स्थान पर केवल छात्र, लड़के, बच्चे आदि संज्ञा पद रखे जा सकते हैं।



जहाँ कोई पदबंध वही प्रकार्य करे, जो किसी 'संज्ञा पद' द्वारा किया जाता है तो ऐसे पदबंध को संज्ञा पदबंध कहते हैं।

## 2. सर्वनाम पदबंध

चूँकि संज्ञा तथा सर्वनाम में कोई अंतर नहीं है, अतः आधुनिक व्याकरण में 'सर्वनाम पदबंध' को भी संज्ञा पदबंध के अंतर्गत ही रखते हैं। यहाँ छात्रों को सिखाने के लिए 'सर्वनाम पदबंध' की चर्चा अलग से की जा रही है।

ध्यान रखिए, संज्ञा या सर्वनाम पदबंध में –

(*i*) एक पद संज्ञा या सर्वनाम अवश्य होता है।

(*ii*) संज्ञा पद/सर्वनाम पद की विशेषता बताने वाला 'विशेषण पद' या 'विशेषण पदबंध' होता है।

निम्नलिखित उदाहरणों पर ध्यान दीजिए–

(क) सच बोलने वाला मैं किसी से नहीं डरता।

(ख) शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम आज चुप क्यों बैठे हो ?

(ग) विदेश से आए मेहमानों में कुछ अच्छे वक्ता हैं।

(घ) युद्ध में मर मिटने वाले आप सचमुच पुरस्कार के अधिकारी हैं।

(ङ) सदैव प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आप इस बार पीछे कैसे रह गए ?

उपर्युक्त सभी वाक्यों में आए रंगीन पद क्रमशः मैं, तुम, कुछ, आप सर्वनामों की ओर संकेत कर रहे हैं। अतः ये 'सर्वनाम पदबंध' हैं।



जहाँ कोई पदबंध वही प्रकार्य करे, जो किसी सर्वनाम पद द्वारा किया जाता है वहाँ सर्वनाम पदबंध होता है।

## 3. विशेषण पदबंध

निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से देखिए–

(क) घर के बगीचे में लगा पेड़ गिर गया।

(ख) सड़क पार करता आदमी बस से टकरा गया।

(ग) मधुर वचन बोलने वाले बच्चे सभी को अच्छे लगते हैं।

(घ) आप तो बहुत अधिक धार्मिक व्यक्ति हैं।

(ङ) सुंदर और स्वच्छ लेख के कारण उसे पुरस्कार मिला।

उपर्युक्त वाक्यों में आए रंगीन पदों के समूह क्रमशः पेड़, आदमी, बच्चे, व्यक्ति व लेख की विशेषता बता रहे हैं । अर्थात वही प्रकार्य कर रहे हैं, जो किसी 'एक विशेषण पद' द्वारा किया जाता है। हम इसके स्थान पर एक विशेषण पद भी रख सकते हैं। अतः ये विशेषण पदबंध हैं।



जहाँ अनेक विशेषण पद मिलकर एक ही संज्ञा या सर्वनाम पद की विशेषता बताएँ, पदों का वह बंध या समूह विशेषण पदबंध कहलाता है।

## 4. क्रिया पदबंध

निम्नलिखित उदाहरणों पर ध्यान दीजिए–

(क) बालक मैदान में क्रिकेट खेल रहा है।

(ख) वह अब तक आ चुका होगा।

(ग) पानी लगातार बह रहा है।

(घ) मुझसे अब सहा नहीं जाता।

(ङ) माता जी भोजन बना रही हैं।

उपर्युक्त वाक्यों में आए रंगीन पद 'क्रिया पद' हैं। 'क्रिया' एक जटिल संरचना है। अतः इसे 'क्रिया पदबंध' कहा जाता है। 'क्रिया पदबंध' की रचना मुख्य क्रिया तथा सहायक क्रिया (काल, पक्ष, वृत्ति, वाच्य, लिंग, वचन) के संयोग से होती है तथा हिंदी में यह वाक्य के अंत में आती है।

जहाँ मुख्य क्रिया तथा सहायक क्रिया मिलकर एक ही क्रिया का काम करें, वहाँ क्रिया पदबंध होता है।

ध्यान रहे कि इसमें मुख्य क्रिया पहले आती है, शेष क्रिया पद उसके सहायक बनकर (सहायक क्रिया) उसे पूर्णता प्रदान करते हैं।

### 5. क्रियाविशेषण पदबंध

निम्नलिखित उदाहरण देखिए–

(क) उसने सुबह से शाम तक नृत्य कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

(ख) रात-दिन परिश्रम करके उसने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

(ग) शेर को देखकर उसके प्राण सूख गए।

(घ) पिछले दिनों की अपेक्षा आज सर्दी अधिक है।

(ङ) मैं अपने मित्रों के साथ घूमने गया था।

(च) वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने पैंनिसिलिन की खोज की।

उपर्युक्त वाक्यों में आए रंगीन शब्द क्रिया के साथ 'कब', 'कहाँ', 'कैसे' आदि प्रश्नों के उत्तर में मिल रहे हैं और क्रिया की विशेषता बता रहे हैं। अत: ये क्रियाविशेषण पदबंध हैं।

जहाँ अनेक पद मिलकर क्रिया की विशेषता बता रहे हों, वहाँ क्रियाविशेषण पदबंध होता है।

## अध्याय संक्षेप

- वाक्य में जब अनेक पद मिलकर वही कार्य करें, जो एक पद करता है, वे पदबंध कहलाते हैं।
- पदबंध के भेद– 1. संज्ञा पदबंध 2. सर्वनाम पदबंध 3. विशेषण पदबंध 4. क्रिया पदबंध 5. क्रियाविशेषण पदबंध
- जहाँ अनेक पद मिलकर संज्ञा पद का कार्य करें, वहाँ संज्ञा पदबंध होता है।
- जहाँ अनेक पद मिलकर सर्वनाम पद का कार्य करें, वहाँ सर्वनाम पदबंध होता है।
- जहाँ अनेक पद मिलकर एक ही संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताएँ, वहाँ विशेषण पदबंध होता है।
- जहाँ अनेक क्रिया पद मिलकर एक ही क्रिया का काम करें, वहाँ क्रिया पदबंध होता है।
- जहाँ अनेक पद मिलकर क्रिया की विशेषता बता रहे हों, वहाँ क्रियाविशेषण पदबंध होता है।

## अभ्यास कार्य

**1. रंगीन पदबंधों के सही भेद पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) सस्ता खरीदा हुआ कपड़ा ज़्यादा नहीं चलता।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*i*) विशेषण पदबंध | ◯ | (*ii*) सर्वनाम पदबंध | ◯ |
| (*iii*) संज्ञा पदबंध | ◯ | (*iv*) क्रिया पदबंध | ◯ |

(ख) वह गेंद की तरह लुढ़ककर गिर गया।

(*i*) सर्वनाम पदबंध ◯ (*ii*) अव्यय पदबंध ◯
(*iii*) क्रिया पदबंध ◯ (*iv*) संज्ञा पदबंध ◯

(ग) बच्चा रो रहा है।

(*i*) संज्ञा पदबंध ◯ (*ii*) क्रिया पदबंध ◯
(*iii*) विशेषण पदबंध ◯ (*iv*) सर्वनाम पदबंध ◯

(घ) मैंने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

(*i*) सर्वनाम पदबंध ◯ (*ii*) संज्ञा पदबंध ◯
(*iii*) विशेषण पदबंध ◯ (*iv*) क्रिया पदबंध ◯

(ङ) रामायण का पाठ करने वाले आप सचमुच विद्वान हैं।

(*i*) संज्ञा पदबंध ◯ (*ii*) सर्वनाम पदबंध ◯
(*iii*) क्रिया पदबंध ◯ (*iv*) क्रियाविशेषण पदबंध ◯

**2. तालिका में दिए गए शब्दों में से सही शब्द छाँट कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

| पदबंध, क्रिया पद, संज्ञा, सर्वनाम पदबंध, क्रियाविशेषण पदबंध |
|---|

(क) जहाँ अनेक पद मिलकर ________________ पद का कार्य करें, संज्ञा पदबंध कहलाता है।

(ख) जब अनेक पद मिलकर एक व्याकरणिक इकाई का काम करें, ________________ कहलाते हैं।

(ग) जहाँ अनेक ________________ एक ही क्रिया का काम करें, क्रिया पदबंध होता है।

(घ) जहाँ अनेक पद मिलकर क्रिया की विशेषता बता रहे हों, वहाँ ________________ होता है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से पदबंध छाँटकर भेद का नाम लिखिए–**

(क) मैने एक लंबा और काला आदमी देखा। ________________

(ख) जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। ________________

(ग) मैंने आधी रात तक तुम्हारी प्रतीक्षा की। ________________

(घ) मुझ से अब पढ़ा नहीं जाता। ________________

(ङ) मेरे घर के चारों ओर बगीचा है। ________________

## क्रियाकलाप

### रचनात्मक कार्य

- दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों में से अपने पसंदीदा कार्यक्रम को ध्यान से देखिए, उसमें से पाँच पदबंध छाँटकर लिखिए और उनके सामने उनके भेद भी लिखिए।